Regarding construction of Baharaich?Khalilabad new railway line project-laid

श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती) **:** मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र श्रावस्ती व बलरामपुर में नई रेल लाइन परियोजना- बहराइच - खलीलाबाद - भिंगा - श्रावस्ती - बलरामपुर - उतरौला - डुमरियागंज - मेहदावल और वासी रेल परियोजना स्वीकृत हुई थी और उसके लिए पिछले बजट में 390 करोड़ रुपये भी स्वीकृत हुआ था, लेकिन धरातल पर अभी भी रेल लाइन का काम शुरू नहीं हुआ है. मैं माननीय रेल मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि यह रेल लाईन कब से बनना शुरू होगी और कब तक बन कर तैयार हो जाएगी. क्या इसके लिए कोई समय सीमा निर्धारित की गई है?